an>

Title : Need to provide more rake points by Railways in Odisha for smooth transportation of crops and minerals.

श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, पहले ओडिशा राइस डैफीसिट स्टेट था, लेकिन अब सरप्लस स्टेट हो गया है। इसके कारण कई जगहों पर रेलवे के रेक्स प्वाइंट्स की फर्टीलाइजर एवं राइस लोडिंग एवं अनलोडिंग के लिए जरूरत है। ये जगहें- अनगुल के खेटजांग में, संभलपुर के रेंगाली, सुवर्नपुर के डुंगरीपाली, क्योंझर के नारायणपुर, कटक के निर्गुंडी और कालाहांडी के जूनागढ़ में नए रेक्स प्वाइंट की जरूरत है।

महोदया, जो एग्जिस्टिंग रेक्स पाइंट्स हैं, उनमें भी कई जगहों पर एप्रोच रोड्स ठीक पूकार से नहीं बनी हैं, कहीं कवरशेड नहीं है, कहीं प्लेटफॉर्म नहीं हैं, कहीं लाइट की असुविधा है और कई जगह पर लाइन को एक्सटेंड करने की जरूरत है। लाइन एक्सटेंड नहीं होने के कारण दो-तीन हिस्सों में कर के वे राइस या फर्टीलाइजर रेक को प्लेस करते हैं, जिसके कारण काफी टाइम लगता है। इन सभी कारणों से वहां दुर्घटना होने का चांस रहता है। कई जगहों पर दुर्घटनाएं भी होती हैं। जैसे जाजपुर रोड में धनमंडल है, भदूक में भदूक है, मयूरभंज का नारायनपुर है, रुकसा है बातेश्वर डिस्ट्रिक्ट में, क्योंझर का क्योंझर है, खुर्दा रोड में खुर्दा है, जगन्नाथपुर है गंजाम डिस्ट्रिक्ट में, रायगढ़ा का रायगढ़ा और कोरापुट का जैपुर, कलाहांडी का केसिंगा, नवांपारा का खरिहारराड, बलांगीर का बलांगीर, बरगड़ डिस्ट्रिक्ट का बरगड़, संभलपुर का संभलपुर, बलांगीर कंटाबांबी तथा ढेंकानाल का ढेंकानाल और झारसगुड़ा का झारसगुड़ा। इन सभी गजहों पर ये फेसिलिटीज देने की जरूरत है, ताकि वहां पर सुचारुरूप से कार्य हो सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, श्री बलभद्र माझी द्वारा सदन में पूस्तुत विषय से माननीय सदस्य, श्री रवीन्द्र कुमार जेना अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।